लॉन्गहाउस का लिटल रनर

बेट्टी बेकर

चित्र: अर्नोल्ड लोबेल

लॉन्गहाउस का लिटल रनर

बेट्टी बेकर

चित्र: अर्नोल्ड लोबेल



लॉन्गहाउस का लिटल रनर

लॉन्गहाउस (लंबे घर)
में ठंड थी.



लिटल रनर बिस्तर से कूद
कर आग की ओर भागा.

वो अपने पिता

और छोटे भाई के पास नीचे बैठा.

मां ने उन्हें कुछ खाने को दिया.

कई अन्य इंडियंस भी

लॉन्गहाउस में रहते थे.

वहां हमेशा बहुत काम करना होता था,

लेकिन सभी लोग काम में मदद करते थे.





लिटिल रनर भी मदद करता था.

वो जानता था कि प्रत्येक कार्य को करने का एक विशेष समय होता था.

मेपल चीनी बनाने का भी एक विशेष समय था.



और मकई को संभाल कर रखने
का भी एक विशेष समय होता था.



और शिकार पर जाने का भी

एक विशेष समय होता था.

और अन्य इंडियंस के साथ

व्यापार करने का भी

एक विशेष समय होता था.

लेकिन लिटिल रनर को लगा

कि आज का दिन सबसे अच्छा समय था.

क्योंकि वो नये साल का दिन था.

आज नाच-गाने होंगे

लोग खेल, खेलेंगे

और खाने के लिए भी बहुत कुछ होगा.

जल्द ही बहुत से लोग लॉन्गहाउस में

नृत्य करने के लिए आए.

जब नृत्य समाप्त हो गया, तो कुछ लोग कहानियाँ सुनाने आए.

सभी लोग कहानियाँ सुनने के लिए आग के पास बैठ गए.

तभी कुछ बड़े लड़के लॉन्गहाउस में आए.

उन लड़कों ने पुराने कपड़े और अजीब मुखौटे पहने थे.

उनके साथ एक बूढ़ी औरत भी थी.

उसके पास एक बड़ी टोकरी थी.

उतनी बड़ी टोकरी लिटिल रनर ने

पहले कभी नहीं देखी थी.

फिर कुछ बड़े लड़के लॉन्गहाउस में

प्रत्येक परिवार के पास गए.

प्रत्येक परिवार ने उन्हें बड़ी टोकरी में

कुछ-न-कुछ डाला.

माँ ने लड़कों को कुछ मेपल चीनी दी.

लड़कों ने मेपल चीनी को टोकरी में रखा.

फिर लड़कों ने धन्यवाद कहने के लिए नृत्य किया.

"माँ," लिटिल रनर ने पूछा.

"आपने लड़कों को मेपल चीनी क्यों दी?"

माँ ने कहा, "अगर मैं उनकी टोकरी में कुछ नहीं डालती,

तो वे कुछ और ले जाते.

शायद वे मेरे नए

मोकासिन (जूते) ले जाते.

या खाना पकाने का बर्तन ले जाते.

फिर मुझे उन चीज़ों को वापस खरीदना पड़ता.

मुझे उसके लिए बहुत अधिक मेपल चीनी

खर्च करनी पड़ती."

"अच्छा," लिटिल रनर ने कहा.

"यह तो बहुत मजेदार है.

मैं भी उन बड़े लड़कों के साथ जाना चाहता हूं."

"इस साल नहीं," माँ ने कहा.

"जब तुम बड़े हो जाओ

तो तुम भी जा सकते हो उस

टोकरी वाली बूढ़ी औरत के साथ."

लिटिल रनर ने उसके बारे में सोचा.

फिर उसने भी एक मुखौटा पहन लिया

और वो अपनी माँ के पास दौड़ा हुआ आया.

"हा!" उसने कहा.

"अब मैं एक बड़ा लड़का हूँ.

और मुझे भी मेपल चीनी चाहिए.

बहुत अधिक मेपल चीनी.

मुझे मेपल चीनी दो

नहीं तो मैं कुछ और ले लूंगा."

"अरे, बड़े लड़के," माँ ने कहा.

"अच्छा तुम और क्या लोगे?"

लिटिल रनर ने कहा,

"मैं आपके नए जूते ले लूंगा

और खाना पकाने का बर्तन भी."

"लेकिन मैं तुम्हें ज़रूर देख लूँगी," माँ ने कहा.

"और अगर मैंने तुम्हें उन्हें ले जाते हुए देख लिया

तब तुम्हें उन चीज़ों को वापस रखना पड़ेगा.

यह खेल इसी तरीके से खेला जाता है."

"अच्छा," लिटिल रनर ने कहा.

फिर उसने अपना नकाब उतार दिया.

उसके छोटे भाई ने कहा,

"आओ चलकर बर्फ में खेलते हैं, लिटिल रनर."

फिर लिटल रनर अपने छोटे भाई को

बर्फ में खेलने के लिए ले गया.

उन्होंने स्नो-सांप वाला खेल खेला.

छोटा भाई उस खेल में

बहुत अच्छा नहीं था.

वो अभी बहुत छोटा था.

लेकिन लिटल रनर

अपनी साँप छड़ी को

बर्फ में बहुत दूर तक फेंक पाया.



तभी लिटिल रनर ने बड़े लड़कों को देखा

वे एक लॉन्गहाउस से दूसरे लॉन्गहाउस में जा रहे थे.

उसने उन बड़े लड़कों और मेपल चीनी के बारे में सोचा.

फिर उसने अपने छोटे भाई की ओर देखा.

और वो हंसा.

फिर लिटल रनर लॉन्गहाउस में

गया और उसने फिर से अपना मुखौटा पहना.

उसने कहा, "अब मैं एक बड़ा लड़का हूं."

"और मेरा एक छोटा भाई है.

और क्योंकि तुम ने मुझे

खूब सारी मेपल चीनी नहीं दी,

इसलिए मैंने अपने छोटे भाई को ले लिया.

अब आपको उसे वापस खरीदना होगा."

"अच्छा," माँ ने कहा.

"बताओ तुम अपने छोटे भाई के

बदले में क्या लोगे?"

"एक डोंगी," लिटल रनर ने कहा.

"तुम उस डोंगी का क्या करोगे?" माँ ने पूछा.

लिटल रनर ने कहा,

“मैं डोंगी में चढ़कर नदी में आगे जाऊँगा और सीपियाँ इकट्ठी करूंगा.

उन सीपियों की मैं एक बेल्ट बनाऊंगा

बेल्ट को बेचकर मैं

उतनी सारी मेपल चीनी खरीदूंगा

जिसे मैं दिल भर कर खा सकूं."

"नहीं," माँ ने कहा.

"एक डोंगी बहुत ज्यादा कीमत है.

तुम चाहो तो अपने छोटे भाई को रख सकते हैं."

लिटल रनर ने चारों ओर देखा.

फिर उसने कहा,

"क्या आप मुझे

छोटे भाई के बदले में

तीन मृगछाल देंगी?"

"क्या करोगे तुम उन तीन मृगछालों का?"
माँ ने पूछा.

लिटल रनर ने कहा,

"मैं तीन हिरणों की खालों से

एक डोंगी खरीदूंगा

नदी में नीचे जाने के लिए

वहां से सीपियाँ लाने के लिए

और उनकी बेल्ट बनाने के लिए

फिर मैं उनका व्यापार करके

मन भरकर मेपल चीनी खा सकूंगा."

"नहीं," माँ ने कहा.

"तीन हिरण की खालें बहुत ज्यादा हैं.

तुम अपने छोटे भाई को अपने ही पास रखो."

लिटल रनर ने काफी सोचा.

फिर उसने कहा,

"क्या आप मुझे

छोटे भाई के बदले में

एक बड़ा धनुष और बाण देंगी?"

"तुम बड़े धनुष और बाण

का क्या करोगे?" माँ ने पूछा.



लिटल रनर ने कहा,

"मैं बड़े धनुष और बाण से

तीन हिरणों का शिकार करूंगा

और फिर उन हिरण खालों से

एक डोंगी खरीदूंगा

नदी में नीचे जाने के लिए

सीपियाँ पाने के लिए

उनकी बेल्ट बनाने के लिए

उससे मैं उतनी मेपल चीनी खरीदूंगा

जिसे मैं पेट भरकर खा सकूं."

"नहीं," माँ ने कहा.

"एक बड़ा धनुष और बाण

बहुत ज्यादा कीमत है.

तुम छोटे भाई को अपने पास ही रखो."

लिटल रनर ने कुछ और सोचा.

फिर उसने कहा,

"क्या आप छोटे भाई के बदले में

मुझे एक अच्छा चाकू देंगी?"

"तुम एक अच्छे चाकू

का क्या करोगे?" माँ ने पूछा.

लिटल रनर ने कहा,

“मैं अच्छे चाकू से

एक बड़ा धनुष-बाण बनाऊंगा

तीन हिरणों का शिकार करने के लिए

हिरण की खाल पाने के लिए

डोंगी खरीदने के लिए

सीपियाँ लाने के लिए नदी में जाने के लिए

फिर सीपियों की बेल्ट बनाने के लिए

उससे मैं उतनी मेपल चीनी खरीदूंगा

जिसे मैं पेट भर कर खा सकूं."

"नहीं," माँ ने कहा.

“देखो, एक अच्छा चाकू बहुत ज्यादा कीमत होगी.

लेकिन मैं तुम्हें मेपल चीनी का एक बड़ा कटोरा ज़रूर दूँगी."

"मैं वो लूंगा," लिटिल रनर ने कहा.

"अब आप छोटे भाई को ले सकती हैं."

माँ हँसी और बोली, “लेकिन तुम्हारा छोटा भाई तो मेरे पास ही था.

वो तुम्हारे ही साथ लॉन्गहाउस में आया था.

और अब वो आग के पास बैठा है.”



लिटल रनर भी हँसा.

फिर उसने अपना मुखौटा उतार दिया

और वो भी छोटे भाई के साथ आग
के पास बैठ गया.

माँ ने उन्हें एक बड़ा कटोरा दिया

जो मेपल चीनी से भरा हुआ था.

अब लिटिल रनर और उसका भाई

पेट भर कर मेपल चीनी खा रहे थे.





अंत